राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने दशमेश गुरू श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज के '353वें प्रकाश पर्व' के अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब एवं बाल लीला गुरूद्वारा, मैनी संगत, पटना साहिब जाकर मत्था टेका

पटना, 02 जनवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज दशमेश गुरू श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज के '353वें 'प्रकाश पर्व' के अवसर पर तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब एवं बाल लीला गुरूद्वारा, मैनी संगत, पटना साहिब पहुँचकर मत्था टेका तथा बिहार राज्य की बहुमुखी प्रगति एवं शांति तथा बिहारवासियों की सुख–समृद्धि की मंगलकामना की।

राज्यपाल श्री चौहान ने इस सुअवसर पर कहा कि गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज का समस्त व्यक्तित्व एवं कृतित्व संघर्ष, समर्पण, त्याग, बलिदान और मानवता की सेवा की अनूठी गाथा है। उनके महान व्यक्तित्व और चिन्तन में धर्म, संस्कृति और स्वदेश की रक्षा के लिए अपने पूरे परिवार को न्योछावर करने का अन्यतम उदाहरण सम्मिलित है तथा विदेशी आक्रमणकारियों के भय से त्रस्त भारतीय समाज को जगानेवाली प्रखर हुंकार समाहित है। तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब एवं बाल लीला गुरूद्वारा मैनी संगत में मत्था टेकने के बाद राज्यपाल ने कहा कि सामाजिक समत्व, प्रेम, बंधुत्व, सदाचरण, स्वाभिमान और राष्ट्र–प्रेम आदि गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज के दिव्य संदेशों के सार तत्व हैं, जिनके अनुसरण से सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। राज्यपाल श्री चौहान ने श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी के 'प्रकाश उत्सव' के शुभ अवसर पर मंगलकामना की कि सामाजिक समरसता और सद्भावना के वातावरण में समस्त बिहार प्रगति–पथ पर तेजी से आगे बढ़ता रहे।

राज्यपाल ने कहा कि तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब एवं बाल लीला गुरूद्वारा मैनी संगत पहुँचकर वे अपने को अत्यन्त सौभाग्यशाली मानते हैं। राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि मौजूदा भारत सरकार एवं बिहार सरकार सच्चे भारतीय शूरमाओं, महापुरूषों और राष्ट्रभक्तों को सम्मानित कर भारतीय इतिहास और संस्कृति को गरिमामंडित कर रही है, जो अत्यन्त खुशी की बात है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार सरकार ने भी '353वें प्रकाश पर्व' के अवसर पर सिक्ख धर्मावलम्बी तीर्थयात्रियों के लिए काफी सराहनीय व्यवस्थाएँ की है, जिसपर सभी संतोष व्यक्त कर रहे हैं। राज्यपाल ने गुरू नानकदेव जी को भी उनके '550वें प्रकाशपर्व वर्ष' के उपलक्ष्य में अपना नमन निवेदित किया तथा इस अवसर पर बिहार आए श्रद्धालुओं के प्रति अपनी मंगलकामनाएँ व्यक्त की।

राज्यपाल ने गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज के 'प्रकाश पर्व' के अवसर पर गुरूजी की जन्मभूमि बिहार आए सभी सिख धर्मावलम्बी श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि– ''सिखों का इतिहास सदैव स्वदेश–प्रेम, कठिन परिश्रम और त्याग का जीता–जागता उदाहरण रहा है।''

तख्त श्री हरिमंदिर जी, पटना साहिब पहुँचने पर महामहिम राज्यपाल का स्वागत प्रधान श्री अवतार सिंह हित, प्रबंधक कमिटी के महासचिव श्री महेन्द्रपाल सिंह ढिल्लो, सचिव श्री महेन्द्र सिंह छाबड़ा, डॉ॰ गुरूमीत सिंह तथा प्रबंधक कमिटी के अन्य पदाधिकारियों आदि ने किया। तख्त श्री हरिमंदिर पटना साहिब की प्रबंधक कमिटी के पदाधिकारियों द्वारा महामहिम राज्यपाल को 'सरोपा' भी भेंट किया गया। राज्यपाल को यहाँ गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज की चरण–पादुका एवं अस्त्र–शस्त्रों के भी दर्शन कराये गये। राज्यपाल ने '353वें प्रकाश पर्व' के अवसर पर स्वर्णरंजित सिक्के को भी लोकार्पित किया।

गुरू गोबिन्द सिंह जी की बाल–लीलाओं के प्रतीक 'बाल लीला गुरूद्वारा मैनी संगत, पटना साहिब' पहुँचने पर राज्यपाल को बाबा कश्मीर सिंह भूरीवाले, बाबा सुखविन्दर सिंह एवं बाबा गुरूविन्दर सिंह आदि संतों ने शुभकामनाएँ दी। बाल लीला गुरूद्वारा में मत्था टेकने के बाद राज्यपाल श्री चौहान ने लंगर भी छका। यहाँ महामहिम राज्यपाल को संत बाबा कश्मीर सिंह भूरिवाले ने सरोपा भी भेंट किया। इस अवसर पर पटना की मेयर श्रीमती सीता साहू भी उपस्थित थीं।

....